तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 12 जनवरी 2024

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]



4 कोल इंडिया का अब सोलर और हाइड्रो पॉवर पर फोकस




## खबर संक्षेप

### इंदिरा भगत संभालेगी जिपं कोरबा सीईओ का जिम्मा

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने प्रशासनिक कार्यों में कसावट लाने विशेष सख्ती दिखाई है। दूरस्थ वनांचल ग्रामों का निरीक्षण करने के साथ कलेक्ट्रेट में अधिकारी कर्मचारियों के समय को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं। इस कड़ी में उन्होंने जनपद पंचायत कोरबा के सीईओ को बदला है। उन्होंने आदेश जारी कर सरोज महिलांगे के स्थान पर श्रीमती इंदिरा भगत को जनपद पंचायत कोरबा का सीईओ नियुक्त किया है। डिप्टी कलेक्टर सरोज महिलांगे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोरबा की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

### दो दिवसीय अग्र अलंकरण समारोह 13 से राजनांदगांव में

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कुमार मोदी ने बताया कि इस वर्ष प्रदेश का 8वां अग्र अंलकरण एवं 16वां अधिवेशन राजनंदगाँव में आयोजित है। जिसमें 250 प्रतिभागियों ने आवेदन किया था जिसमें से 18 प्रतिभागियों का चयन करके अग्र अंलकरण से पुरूष्कृत करने हेतु नाम चयनित कर लिया गया है। 13 और 14 जनवरी को यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 13 जनवरी को कार्यक्रम का उद्घाटन केबीनेट मंत्री बृज मोहन अग्रवाल, दुर्ग के सांसद विजय बघेल एवं अन्य अतिथियों के द्वारा किया जायेगा। 14 जनवरी को डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष के कर कमलो द्वारा प्रतिभागियों को पुरष्कृत किया जायेगा इस अवसर पर पूर्व केबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल, नव निर्वाचित विधायक राजेश अग्रवाल, संपतराय अग्रवाल, अमर अग्रवाल विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे। श्री मोदी ने बताया कि इस बार कोरबा में 4 लोगों को ये सम्मान प्राप्त हो रहा है जिसमें श्रीकांत बुधिया अध्यक्ष अग्रवाल सभा कोरबा, चहक केडिया, कोरबा, मेघा अग्रवाल, कोरबा, संकल्प अग्रवाल, छुरी कोरबा रहेंगे।

### किसान कल्याण समिति ने कलेक्टर से की शिकायत

**कोरबा।** ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने खम्हरिया ग्राम में अन्य अर्जित ग्रामों को एसईसीएल कुसमुंडा द्वारा पुनर्वास देने के लिए समतलीकरण के मामले में उच्च न्यायालय एवं कलेक्टर के दिशा-निर्देश का परिपालन कराने की मांग करते हुए पत्र लिखा है । संगठन के अध्यक्ष सपूरन कुलदीप ने बताया है कि एसईसीएल कुसमुंडा द्वारा ग्राम खम्हरिया के कृषि भूमि सहित आवासीय भूमि का समतलीकरण कर अपने अन्य अर्जित ग्रामों को पुनर्वास दिया जा रहा है, जिसके संबंध में हाईकोर्ट और कलेक्टर से शिकायत करते हुए रोक लगाने की मांग की गई थी और हाईकोर्ट तथा तत्कालीन कलेक्टर संजीव झा ने एसईसीएल प्रबन्धन को गांव में रोजगार, पुनर्वास मुआवजा सहित बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश जारी किया था, जिसका पालन किये बगैर ही प्लाटिंग करने की कार्यवाही को आगे बढ़ाया जा रहा है जिसके विरुद्ध कलेक्टर से शिकायत किया गया है।

### दादर खुर्द में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह आज से

**कोरबा।** जिले में पुरी धाम के नाम से प्रसिद्ध स्वामी जगन्नाथ मंदिर दादरखुर्द के देव स्थान मां सिद्धिदात्री कंकालिन धाम में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 12 जनवरी से प्रारंभ हो रहा है। प्रथम दिवस कलश यात्रा निकाली जाएगी जो स्वामी जगन्नाथ मंदिर से जलाभिषेक करते हुए मुख्य मार्ग से राम जानकी मन्दिर होते हुए पुरानी बस्ती हाउसिंग बोर्ड होते हुए कथा स्थल तक पहुंचेगी। जहां प्रथम दिवस की कथा में भागवत कथा महत्तम को बताया जाएगा, व्यासपीठ में भागवताचार्य कृष्णा द्विवेदी, (स्वामी जगन्नाथ मंदिर दादर वाले) रहेंगे। भागवत कथा के आचार्य रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी, (मुख्य पुजारी स्वामी जगन्नाथ मंदिर दादर खुर्द) रहेंगे।

# अब रात के अंधेरे में भी आसानी से होगी पेट्रोलिंग, वन कर्मियों के हाथ में स्मार्ट स्टिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जंगल की सुरक्षा करने वाले वन विभाग के कर्मचारियों के पास उनकी सुरक्षा के लिए किसी तरह का कोई उपकरण नहीं होता है। ऐसे में उनकी जान पर हमेशा खतरा बना रहता है लेकिन अब वन विभाग के कर्मचारी जंगल की सुरक्षा करने के लिए स्मार्ट नजर आएंगे। उनके लिए वन विभाग ने स्मार्ट स्टिक की खरीदी की है। जंगल में जाने वाले वन कर्मचारी अपनी जंगल की बेबाकी से सुरक्षा कर सकेंगे।

पूर्व में यह देखा गया था कि जंगल की सुरक्षा अक्सर वन प्राणियों से सामना होता रहता है। ऐसे में कभी कभी वन कर्मियों की जान खतरे में पड़ जाती है। खासतौर पर रात के समय पेट्रोलिंग के दौरान उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वन कर्मियों की समस्याओं को देखते हुए वन विभाग ने पेट्रोलिंग के दौरान किसी तरह की परेशानी ना हो और जंगल की सुरक्षा बेहतर ढंग से हो सके इसके लिए स्मार्ट स्टिक की खरीदी की है। पहले चरण में कटघोरा वनमंडल में 8 स्मार्ट स्टिक दिए गए हैं। जिसे परला स्थित वन्य प्राणी रेस्क्यू सेंटर में रखा गया है। कटघोरा वनमंडल अधिकारी कुमार निशांत ने बताया कि अब जंगल में जाने वाले वन विभाग के कर्मचारी स्मार्ट स्टिक के साथ लगातार जंगल का निरीक्षण कर रहे हैं और पेट्रोलिंग कर रहे हैं। स्मार्ट स्टिक के आ जाने से वन विभाग के कर्मचारियों की ताकत बढ़ी है और अब ऐन वक्त पर किसी तरह की कर्मचारियों को कोई परेशानी नहीं होगी और वह अपनी सुरक्षा भी बेहतर ढंग से कर सकेंगे।

## जानवर आने पर लगा सकेंगे करंट और बजेगा सायरन

**खास बातें**

- मुख्यालय से पहले चरण में कटघोरा वनमंडल को मिला 10 स्टिक।
- कर्मचारियों की सुरक्षा होगी पुख्ता



### क्या होगी स्मार्ट स्टिक की खासियत

कटघोरा वनमंडल अधिकारी कुमार निशांत ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले चरण में मुख्यालय से 10 स्मार्ट स्टिक मिले हैं। इस स्मार्ट स्टिक की खासियत है कि इस स्मार्ट स्टिक में हाईमास्ट लाइट दी गई है जो रात के अंधेरे में काम करेगी। साथ ही इसमें सायरन भी दिया गया है जो तेज आवाज करती है। साथ ही नीचे के मुहाने पर तेज करंट आता है। इस खूबियों के साथ स्मार्ट स्टिक को तैयार किया गया है। अब इस स्मार्ट स्टिक से रात के अंधेरे में कर्मचारी जंगल का निरीक्षण कर सकेंगे। इसके साथ ही ऐन वक्त पर कोई जानवर भालू, तेंदुआ या अन्य जानवर सामने आ गया तो उसे रोकने के लिए करंट का भी इस्तेमाल कर सकेंगे। साथ ही जानवरों को भगाने के लिए उसमें दिए गए सायरन का इस्तेमाल कर सकेंगे।

## कोरबा ने पहली बार अंबिकापुर को पीछे करते हुए हासिल की यह उपलब्धि

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में कोरबा को राज्य में दूसरा तथा देश में मिला 26वां स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

वर्ष 2023 में देश के 446 शहरों में कराए गए स्वच्छ सर्वेक्षण में कोरबा नगर निगम ने उपलब्धि अर्जित करते हुए प्रदेश में दूसरा स्थान व देश में 26वां स्थान हासिल किया है। यह पहला मौका है जब राज्य में स्वच्छता में सिरमौर रहे अंबिकापुर शहर को पीछे करते हुए कोरबा जिले ने यह उपलब्धि हासिल की है। इसके साथ ही कोरबा ने गारवेज फ्री सिटी में 3 स्तर रैकिंग प्राप्त करने के साथ ओडीएफ प्लस-प्लस में भी सफलता हासिल की है। महापौर राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने निगम की इस उपलब्धि के लिए क्षेत्र के नागरिकों, निगम के प्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों को बधाई दी है।

निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार ने बताया कि भारत सरकार का महत्वपूर्ण मिशन स्वच्छ भारत मिशन व मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत शासन द्वारा माह अगस्त 2023 में स्वच्छ सर्वेक्षण कराया गया था। 1 लाख जनसंख्या से ऊपर वाले देश के 446 शहरों में यह सर्वेक्षण किया गया। विगत स्वच्छ सर्वेक्षण तीन केटगरी 1 लाख से 3 लाख की जनसंख्या, 3 लाख से 10 लाख तथा 10 लाख से अधिक जनसंख्या के वर्ग में स्वच्छ सर्वेक्षण हुआ था तथा पृथक-पृथक वर्गवार परिणाम घोषित हुए थे, किन्तु वर्ष 2023 के स्वच्छ सर्वेक्षण में 1 लाख जनसंख्या से ऊपर के सभी शहरों का एक ही वर्ग में शामिल कर स्वच्छ सर्वेक्षण कराया गया था। जिसमें निगम ने महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित करते हुए प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं देश के 446 शहरों के बीच कोरबा 26वें स्थान पर रहा है।

### टॉप 10 में प्रथम होगा कोरबा

महापौर राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों, निगम के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियें को बधाई देते हुए कहा है कि सभी के सहयोग से निगम ने यह उपलब्धियाँ हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर आगे और अधिक अच्छा कार्य करेंगे तथा सभी सहयोग से अपने कोरबा शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग में प्रथम स्थान दिलाएंगे। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे शहर को साफ-सुथरा रखने में अपना और अधिक सहयोग देवें एवं कोरबा को स्वच्छ कोरबा-स्वस्थ कोरबा बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

### जीएफसी में 3 स्टार

गारवेज फ्री सिटी कम्पटीशन में नगर निगम ने 3 स्टार की दावेदारी की थी, जिस पर निगम को सफलता मिली तथा जीएफसी में 3 स्टार रैंकिंग मिली। साथ ही निगम ने ओडीएफ प्लस-प्लस रैंक को भी इस वर्ष बरकरार रखा। 7 हजार 475 अंकों के साथ द्वितीय स्थान स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में कुल 9 हजार 500 अंक थे, जिन्हें स्वच्छता के विभिन्न मानदण्डों पर अर्जित करना था। नगर निगम इस पर कार्य करते हुए 7 हजार 475.70 अंक अर्जित कर प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा। वहीं राजधानी रायपुर ने 8 हजार 540 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। चूंकि रायपुर ने जीएफसी स्टार रैंकिंग में 5 स्टार रैंक पाई थी, परिणाम स्वरूप 5 स्टार रैंकिंग के अतिरिक्त अंकों की बदौलत वह प्रथम स्थान पर रहा। वहीं अंबिकापुर ने 7 हजार 466 अंक, बिलासपुर ने 7 हजार 466 अंक, रिसाली ने 6 हजार 712 अंक, भिलाई ने 6 हजार 310 के साथ-साथ अन्य शहरों ने अंक प्राप्त किए हैं।

# शादीशुदा महिला का अपहरण कर उज्जैन में करा दी शादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है जिसमें कुछ लोगों ने एक शादीशुदा महिला का अपहरण कर लिया और उसे अपने साथ उज्जैन मध्य प्रदेश ले गए। जहां एक दूसरे लड़के से उसकी शादी भी करा दी। जहां एक साल तक युवक उसका दैहिक शोषण करता रहा। अब जब पुलिस के मामले में संज्ञान में आया तो पुलिस ने महिला को बरामद कर लिया है और घटना में शामिल लोगों की धरपकड़ के लिए पुलिस ने छापेमारी की कार्रवाई शुरू कर दी है।

**खास बात**

- पुलिस में मामला दर्ज, आरोपियों की खोजबीन शुरू

मामला जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र कोरबी चौकी क्षेत्र का है। यहां निवासरत 30 वर्षीय महिला का कुछ माह पूर्व सिरमिना में निवास करने वाले दो युवक व दो महिलाओं ने मिलकर डरा धमकाकर उसका अपहरण कर लिया और महिला को झांसे में लेकर उसे मध्य प्रदेश उज्जैन ले गए। जहां उन्होंने एक दूसरे लड़के से उसकी शादी करा दी और वापस आ गए। जहां उक्त युवक द्वारा महिला के साथ दैहिक शोषण किया जाता रहा। जब महिला के लापता होने की शिकायत कोरबी चौकी में दर्ज कराई गई तब पुलिस ने तार से तार मिलाना शुरू किया और लापता महिला की खोजबीन शुरू की। तब पता चला कि महिला उज्जैन में है। जिसके बाद पुलिस ने उज्जैन में दबिश देकर महिला को बरामद कर लिया है और अब महिला की शिकायत पर पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों के खिलाफ धारा 323, 34, 366, 376, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की सरगर्मी से खोजबीन कर रही है।

### पीएम किसान सम्मान निधि योजना से खेती-किसानी हुई आसान

**कोरबा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के सभी जनपदों के निर्धारित स्थानों में कार्ययोजना अनुसार सतत रूप से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड कटघोरा के ग्राम बतारी व मलगांव में, जनपद पंचायत करतला के बंधवाभाठा व नवापारा में शिविर आयोजित किया गया।

# बैंकों की सुरक्षा परखने पुलिस ने की सरप्राइज चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बैंक के आसपास या फिर बैंक में कोई चोरी लूटपाट की घटना न हो इसके लिए पुलिस ने बैंकों की सरप्राइज चेकिंग की और बैंकों में तैनात सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया है।

पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के मार्गदर्शन में बैंकों में सरप्राइज सुरक्षा आडिट का अभियान चलाया है। थाना व चौकी प्रभारीगण उनके थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था जिसमें बैंक में लगे सुरक्षा अलार्म सिस्टम, सीसीटीवी, सुरक्षागार्ड की जांच, बैंक परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग, बैंक के ग्राहक को वित्तीय फ्रॉड की जानकारी देना शामिल है। पुलिस के टीम के द्वारा बैंकों के शाखा प्रबंधकों व स्टाफ के साथ सुरक्षा पर चर्चा कर बैंक के अंदर, बाहर और सड़क तक फोकस करने सीसीटीव्ही कैमरा लगवाने और सीसीटीव्ही फुटेज सहेज कर रखने कहा गया। पुलिस टीम ने बैंकों के सायरन और बैंकों में आगजनी से बचाव के उपकरणों का भी जायजा लिया गया।



बैंक की चेकिंग करते पुलिस कर्मी।

# नियम विरूद्ध राखड़ परिवहन करने वाले 32 वाहनों से वसूला गया 37 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर के निर्देश पर परिवहन विभाग व राजस्व विभाग ने राखड़ परिवहन करने वाले वाहनों की सघन जांच की। इस दौरान बिना तिरपाल, बिना रिफलेक्टर और बिना फिटनेस के संचालित राखड़ वाहनों पर कार्यवाही की गई। इसके अलावा रात में सड़क किनारे अवैध डंपिंग कर पर्यावरण को प्रदूषित करने वाले वाहन चालकों पर भी नजर रखी जा रही है, जो नियमों को ताक पर रख कर राखड़ परिवहन कर रहे हैं। उड़नदस्ता टीम द्वारा 32 गाड़ियों से 37 हजार की जुर्माना राशि वसूल की गई। आने वाले दिनों में भी यह कार्यवाही जारी रहेगी।

**खास बातें**

- उल्लंघन को संरक्षण देते रहे, कलेक्टर सख्त हुए तो नींद से जागे अफसर
- परिवहन व राजस्व विभाग की टीम ने चलाया अभियान



राखड़ परिवहन में लगे वाहनों पर कार्यवही करती अधिकारियों की टीम।

प्रशासनिक शीर्ष अधिकारी यदि चुस्त हों तो अधीनस्थ अमले को दुरुस्त होना ही पड़ता है। नवपदस्थ कलेक्टर अजीत बसंत के जिले में पदस्थापना के 10 दिन के भीतर ही परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि जिले में राखड़ परिवहन व डंपिंग एक बड़ी समस्या बनी हुई है। बावजूद इसके राखड़ परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही देखने को नहीं मिल रही थी। जिसे देखते हुए कलेक्टर संजीव वसंत ने सख्ती बरती है तो विभागीय अमला भी सक्रिय हो गया है। कलेक्टर के निर्देश के बाद लगातार जांच कर जुर्माना वसूल किया जा रहा है। परिवहन विभाग, पर्यावरण विभाग और उड़नदस्ता के द्वारा इस तरह की अनियमितताओं और उल्लंघन को जहां क्लीन चिट दी जाती रही थी, वहीं अब वह कार्रवाई करने ⏭ शेष पेज 3 पर

## ग्राम पंचायत फूलसरी के ग्रामीणों को तीन माह से नहीं मिला खाद्यान्न

# सरपंच और पूर्व सचिव ने गरीबों के राशन पर डाला डाका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शिकायतकर्ता महिलाएं।

शासन द्वारा गरीबों को रियायत दर पर खाद्यान्न वितरण के लिए पीडीएस योजना की शुरूआत की गई है। प्रदेश की यह योजना अन्य राज्यों के लिए नाजीर बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर जिले का एक ग्राम पंचायत ऐसा है जहां गरीबों के राशन पर सरपंच और पूर्व सचिव ने डाका डालने का काम किया है। तीन माह से कार्डधारी गरीबों को खाद्यान्न का वितरण नहीं किया गया है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है।

ग्राम पंचायत फूलसरी के शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालक और विक्रेता के द्वारा नियमित दुकान खोलकर राशन का वितरण नहीं किया जा रहा है। दुकान का संचालन ग्राम पंचायत फूलसरी के द्वारा किया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच ही उन्हें खाद्यान्न का वितरण करता है, लेकिन पिछले तीन माह से खाद्यान्न नहीं दिया है। गांव की मनासो बाई पति जनकराम, सोनाई बाई, रतन कुमारी, रमिला बाई, रमी बाई, धरमी बाई व सुशीला ने बताया कि उन्हें तीन माह से चावल, चना, शक्कर और नमक का वितरण नहीं किया गया है। उनका कहना है कि सरपंच द्वारा उन्हें राशन नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण उनके सामने परेशानी खड़ी हो गई है। बताया जाता है कि ग्राम पंचायत फूलसरी में लगभग 500 राशन कार्डधारी हैं, जिनमें से 75 फीसदी कार्डधारियों को राशन नहीं मिला है। पिछले तीन माह से ग्रामीणों को खाद्यान्न नहीं मिला है और खाद्य विभाग के अफसरों को कोई सरोकार नहीं है। इसमें जिला खाद्य विभाग की लापरवाही देखने को मिल रही है। ग्राम पंचायत को सोसायटी का आबंटन किया गया है, लेकिन ⏭ शेष पेज 3 पर

### 15 दिन पहले पदस्थ हुए सचिव

सूत्रों की मानें तो 15 दिन पूर्व ही ग्राम पंचायत में सचिव परमेश्वर सोनी की पदस्थापना हुई है। पूर्व सचिव की मिलीभगत से ग्रामीण राशन से वंचित हैं। उन्हें उम्मीद है कि नए सचिव के पदस्थापना के साथ ही उनकी समस्या दूर हो जाएगी। बताया जाता है कि मामले की शिकायत पर कुछ अधिकारी गांव भी पहुंचे थे, ग्रामीणों का कथन भी लिया गया है। माना जा रहा है कि लापरवाही बरतने वालों पर कार्यवाही की गाज गिर सकती है।

### छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ के आमसभा का आयोजन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ वार्षिक आमसभा छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ वार्षिक आम सभाएवं चुनाव किया गया। जिसमें एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया के पर्यवेक्षक के रूप में चंद्रदेव सिंह महासचिव झारखंड एथलेटिक संघ और खेल युवा कल्याण विभाग से एएक्का सहायक संचालक, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ से डॉ.मनीष श्रीवास्तव महासचिव छत्तीसगढ़ हॉकी संघ एवं निर्वाचन अधिकारी के रूप में डॉक्टर सुनील गौराहा वरिष्ठ क्रिया, अधिकारी गवर्नमेंट साइंस कॉलेज सीपत उपस्थित थे। जिसमें सर्व सम्मति से सभी लोगों से के माध्यम से निर्वाचन संपन्न हुआ। इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी डॉ.सुनील गौराहा, जीएस बामरा, अमरनाथ सिंह, जगपाल सिंह धालीवाल, डी सुरेश क्रिस्टोफर, सुशील मिश्रा आदि उपस्थित थे।

11 Jan-Jash Bhoomi pg 2_Layout 1 1/11/2024 8:05 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# न्यू वेव और जैज का प्रसार कर दिल जीता था सैक्सोफोनिस्ट विलियम्स ने



**लॉस एंजेरिस।** मार्क चार्ल्स विलियम्स उर्फ मार्स विलियम्स की सैक्सोफोनिस्ट के तौर पर दुनिया भर में ख्याति थी। दो महीना पहले उनके गुजर जाने के बाद दुनिया भर में उनके संगीत को लेकर चर्चाएं छिड़ी हुई है। 80 के दशक के न्यू वेव बैंड द वेट्रेसेस और द साइकेडेलिक फर्स के फ्रंट-एंड-सेंटर रहे सैक्सोफोनिस्ट मार्स के निधन की घोषणा गो फंड मी पेज पर की गई थी, लेकिन हाल ही में इसने व्यापक ध्यान आकर्षित किया है। उनके भाई पॉल आर. विलियम्स ने हाल ही में पोस्ट किए गए एक शोक संदेश में न्यूयॉर्क टाइम्स को मौत के कारण की पुष्टि की। गो फंड मी पेज पर उनके परिवार द्वारा पोस्ट किए गए एक बयान में लिखा है, 'अंत तक, मंगल के अटूट हास्य और ऊर्जा, और संगीत के प्रति उनके प्यार ने उन्हें आगे बढ़ाया। जैसे ही गर्मियों के अंत में यह स्पष्ट हो गया कि उनके उपचार के विकल्प समाप्त हो रहे थे, उन्होंने किशोरावस्था के दौरान छोड़े गए समय के छह सप्ताह उसी तरह बिताने का फैसला किया, रात-रात भर सड़क पर प्रदर्शन करते हुए। साइकेडेलिक फर्स के साथ वे अंतिम प्रदर्शन उन सभी अन्य अविश्वसनीय योगदानों के साथ जीवित रहेंगे जो मार्स ने एक व्यक्ति और एक संगीतकार के रूप में किए हैं, और वह असीम ऊर्जा प्रेरित करती रहेगी। 29 मई, 1955 को एल्महर्स्ट, इलिनोइस में जन्मे विलियम्स ने गायक पैटी डोनाह्यू के 1980-83 के अल्पकालिक बैंड द वेट्रेस के सदस्य के रूप में व्यापक रूप से जनता के ध्यान में आने से पहले सीबीजीबी-डाउनटाउन न्यूयॉर्क संगीत मंच पर प्रस्तुति दी थी।

विलियम्स के धमाकेदार गायन ने बैंड के हिट 'आई नो व्हाट बॉयज लाइक' और 'क्रिसमस रैपिंग' को प्रतिष्ठित किया। बैंड ने अब-

### भोजपुरी

# भोजपुरी एक्ट्रेस रानी के पीछे पड़े शहर के लड़के, फिर खेसारी की एंट्री



**पटना।** भोजपुरी सिनेमा के प्रमुख स्टार खेसारी लाल यादव का नया गाना 'एगो बात बताई' हाल ही में रिलीज हुआ है। इस गाने को 'पिप्पा म्यूजिक भोजपुरी' यूट्यूब चैनल ने प्रकाशित किया है। गाने को सिर्फ 7 घंटे के भीतर ही 8 लाख से अधिक बार देखा गया है, जो इसे बड़े हिट बना देता है। गाने में खेसारी लाल यादव ने भोजपुरी संगीत की सेंसेशनल सिंगर शिल्पी राज के साथ मिलकर गाया है। गाने के म्यूजिक वीडियो में खेसारी के साथ एक्ट्रेस रानी भी नजर आती हैं। गीत की कहानी में रानी को शहर के लफंगे लड़के छेड़ रहे हैं, जिस पर वह खेसारी से इसकी शिकायत करती हैं। गाने में खेसारी रानी से कहते हैं कि वह सिर्फ सच्चे प्रेमी हैं और वह उन्हें सिंदूर लगाने के लिए आए हैं।

गाने के गीतकार आजाद सिंह हैं और इसके बोल में एक मोहब्बत भरा संदेश है। संगीतकार विशाल सिंह ने इस गाने को संगीत दिया है और गाने के डायरेक्टर पवन पाल हैं। योगेश कुमार मिश्रा और सुधांशु पांडे ने इस गाने की प्रोडक्शन की है। इस हिट गाने ने भोजपुरी भाषा में धमाल मचा दिया है और लोगों को खूब मनोरंजन प्रदान किया है।

### छॉलीवुड

# फिल्म 'चाहत' में नजर आएगी आकाश और यास्मीन की जोड़ी



**रायपुर।** राजा खान निर्देशित और डॉ. खुशबू जायसवाल निर्मित छत्तीसगढ़ी फिल्म 'चाहत' 29 मार्च को रिलीज हो रही है। बुधवार शाम इसका पोस्टर विमोचन कार्यक्रम लोकायन हॉल में रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेश अग्रवाल ने की। अन्य अतिथियों में फिल्मकार अनुपम वर्मा और भाजपा के पदाधिकारी महेंद्र इक्का मौजूद थे। कार्यक्रम में फिल्मकार अलक राय, प्रोड्यूसर राज वर्मा, डिस्ट्रीब्यूटर लकी रंगशाही, अभिनेता क्रांति दीक्षित, यूएफओ इंचार्ज राकेश मिश्रा, निर्देशक नितेश लहरी, याकूब खान आदि उपस्थित थे।योगेश अग्रवाल ने कहा, निर्देशक ऐसा हो जो खुद कलाकर बन जाए। राजा खान में यह कला शामिल है। नई सरकार से उम्मीद जताई कि हमको बुलावा मत दीजिए। कलाकारों को राजनीतिक पार्टियों ने छला है। हमारी इंडस्ट्री गुटबाजी में बंटी है। नेतागण कहते हैं पहले तुम तो एक हो जाओ। तभी हमारी इंडस्ट्री आगे बढ़ पाएगी और उसको हक मिल पाएगा। अच्छी बात ये है कि नई पीढ़ी बेहतर कार्य कर रही है। फिल्में ऐसे बनाएं कि उसका डंका देशभर में बजे।भाजपा के पदाधिकारी महेंद्र इक्का ने कहा, राज्य में अच्छी फिल्में बन रही हैं। अब इसकी छलांग राज्य से बाहर पहुंच चुकी है। उन्होंने सीजी की पहली फिल्म कही देबे संदेश और घरद्वार से लेकर आज तक की उपलब्धियों पर चर्चा की। इक्का ने उम्मीद जताई कि फिल्म पॉलिसी और फिल्म सिटी पर हमारी सरकार दूरगामी निर्णय लेगी। कार्यक्रम को फिल्मकार संतोष जैन और अनुपम वर्मा ने भी संबोधित किया।निर्देशक राजा खान ने बताया, यह एक रोमांटिक फिल्म है। लेकिन अन्य रोमांटिक फिल्मों से बिल्कुल अलग है। इस फिल्म से डेब्यू कर रही यास्मीन ने कहा, फिल्म को लेकर मैं बहुत ज्यादा एक्साइटेड हूं। क्योंकि मैं पहली बार पर्दे पर दिखाई दूंगी। हालांकि सफर इतना आसान नहीं था। अभिनय के लिए मुझे काफी मेहनत करनी पड़ी थी। प्रोड्यूसर खुशबू ने कहा, बचपन से फिल्मों में रुचि रही है। फिल्म मेकिंग का सपना देखा था जो अब पूरा होने जा रहा है। फिल्म में लीड एक्टर आकाश सोनी हैं। अन्य कलाकारों में संजय जैन, रानू वर्मा, प्रभा जैन रिंकू रजा, पवन मानिकपुरी, कीर्ति प्रकाश।

लाइफ









## पेरिस की परियां

पेरिस फैशन वीक में मॉडल दुनिया भर के डिजाइनर के कलेक्शन के साथ रैम्प पर उतरती रही हैं। हर साल 27 फरवरी से 7 मार्च तक चलने वाले इस शो में क्रिश्चियन डायर का कलेक्शन गत वर्ष छाया रहा। इस मौसम में आमतौर पर मॉडल्स अपने फॉल/विंटर कलेक्शन प्रदर्शित करती रही हैं। डिजाइनर पाको रबैन का कलेक्शन भी खूब सराहा गया। दुनिया भर के डिजाइनर के लिए यहां अपने कलेक्शन प्रदर्शित करना एक सुनहरा मौका होता है।

# शहद से बनने वाले नेचुरल फेस पैक से बढ़ाएं चेहरे की रंगत



अगर आप भी घर पर ही सर्दी के मौसम में नेचुरल तरीके से चेहरे की रंगत को सुधारना चाहते हैं, तो शहद से बने फेस पैक इसमें आपकी मदद कर सकते हैं।

शहद और दही दोनों में ही कुछ ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जिसे लगाने से चेहरे पर निखार आता है। ऐसे में आप स्किन का ग्लो बरकरार रखने के लिए शहद और दही से बने फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आपको बस एक कटोरी में दही लेकर उसमें शहद मिक्स करना है। इसके बाद इस पैक को अच्छे से अपने चेहरे पर लगाएं और कुछ देर के बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें। आप इसका इस्तेमाल हफ्ते में दो से तीन बार कर सकते हैं।

नींबू त्वचा की डेड स्किन को हटाने में मददगार होता है। ऐसे में आप एक कटोरी में शहद लेकर उसमें आधा नींबू का रस डालकर अच्छे से मिलाएं। इसके बाद इस मास्क को अच्छे से चेहरे और गर्दन पर लगाएं। इससे आपकी स्किन मुलायम बनी रहेगी। दूध में मौजूद तत्व चेहरे को एक्सफोलिएट करने का काम करते हैं। ऐसे में कच्चे दूध में दो चम्मच शहद लेकर उसे चेहरे पर लगाएं। इस पैक का इस्तेमाल आप हर दूसरे दिन कर सकते हैं।

# घटता जा रहा बालों का घनापन तो इन तरीकों को अपनाएं



सर्दी के मौसम में अक्सर बालों का घनापन कम होने लगता है। ये समस्या आमतौर पर सामने आती है। ऐसे में बालों की सफाई का खास ध्यान रखें। इस मौसम में बाल काफी ग्रीसी हो जाते हैं। ऐसे में बालों का वॉल्यूम खत्म होने लगता है। इसी के चलते बाल को हर दूसरे से तीसरे दिन धोएं जरूर। तभी जाकर आपके बाल सही लगेंगे। अगर आप चाहते हैं कि आपके सिर से सही तरह से शैंपू और कंडीशनर निकल जाए तो हमेशा रूम टेम्प्रेचर पर रखे पानी का ही इस्तेमाल करें। यही सिर से शैंपू और कंडीशनर को सही से निकालने में मदद करता है। अगर आप सर्दी के मौसम में बालों को लंबा रखेंगे तो इससे भी आपके बाल खूबसूरत दिखेंगे। इससे बालों में अच्छा वॉल्यूम भी आता है।बालों में वॉल्यूम लाने के लिए थिक शैंपू काफी फायदेमंद साबित होते हैं। ऐसे में बालों के हिसाब से ही शैंपू का चुनाव करें। सर्दी के मौसम में गुनगुने तेल से सिर की मसाज जरूर करनी चाहिए। इसके लिए आप कोकोनट ऑयल से लेकर, ओलिव ऑयल, आलमंड ऑयल और केस्टर ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

# ग्रूमिंग की इन गलतियां को ना करें नजरअंदाज



'अरे छोड़ो इस पर कौन ध्यान देगा' ग्रूमिंग पर खूब सारा ध्यान देने वाले आप अक्सर यही कहकर बड़ी गलतियां कर देते हैं और आपको अंदाजा भी नहीं होता है कि लोग आपकी इन गलतियों पर पूरा ध्यान दे रहे हैं।

ग्रूमिंग बेस्ट लुक का जरूरी हिस्सा है। इसलिए आपको थोड़ा एक्टिव तो होना पड़ेगा। इसके बिना मामला सेट नहीं हो पाएगा। इसके लिए छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर खुद को वेल ग्रूम्ड वाली श्रेणी में लाया जा सकता है। आपको अलग से कुछ नहीं करना है।

### ग्रूमिंग की गलतियों पर पड़ती है लोगों की नजर

ग्रूमिंग आपके लुक को पूरा करती है। आप भी इसके बिना खुद को अधूरा पाते होंगे। लेकिन कुछ बातें ऐसी होती हैं, जिन पर आप खुद ध्यान ये सोचकर नहीं देते कि कौन इस पर ध्यान देगा। कौन सी हैं ये ग्रूमिंग की गलतियां जान लीजिए-

### कान, नाक और आइब्रो के बाल

एक उम्र के बाद शरीर के कई हिस्से ऐसे होते हैं, जिनमें से बाल दिखने लगते हैं लेकिन अफ़सोस आप उनको ट्रिम करने की सोचते ही नहीं है। आपको लगता है इनको कौन ही देखेगा। लेकिन लोग देखते हैं। लोग देखते हैं कि आपने महंगे कपड़े पहने, हेयर केयर सलीके से किया लेकिन नाक, कान और आईब्रो के बालों को यों ही छोड़ दिया।

### गंदे नाखून साफ नहीं किए

आपके नाखून की सफाई भी जरूरी होती है। कई बार लोग पूरे शरीर की सफाई करते हैं लेकिन नाखूनों को भूल जाते हैं। लेकिन ये सही नहीं है। लोगों को आपके हाइजीन का अंदाजा नाखून देकर ही लग जाता है इसलिए ये काम शुरू कर दीजिए। समय-समय पर पैर और हाथ के नेल्स काटते रहिए। अगर तब भी ये अच्छे न लगें तो आप पैडीक्योर और मैडीक्योर करा सकते हैं।

ओरल हाइजीन भी रखिए ध्यान

ब्रश करके आप अपने ओरल हाइजीन को भूल जाते हैं तो गलत करते हैं।

# लोहड़ी पर पारंपरिक दिखने लें इन अभिनेताओं से लें टिप्स



फैशन





वैसे तो लोहड़ी का त्योहार पूरे देश में बेहद धूमधाम से मनाया जाता है, लेकिन खासतौर पर पंजाब और उत्तर भारत में लोहड़ी के त्योहार की काफी धूम दिखाई देती है। लोग इसकी तैयारियां काफी दिनों पहले से शुरू कर देते हैं। हर साल की तरह इस साल सूर्य देव 15 जनवरी को मकर राशि में प्रवेश कर रहे हैं और इसी दिन मकर संक्रांति मनाई जाएगी। इसी के चलते इस साल लोहड़ी 13 जनवरी की जगह 14 जनवरी को मनाई जाएगी। लोहड़ी के त्योहार पर लोग नए-नए कपड़े पहनकर तैयार होते हैं। इस दिन पारंपरिक तरीकों से तैयार होने का काफी रिवाज है। महिलाओं से लेकर पुरुष तक लोहड़ी के दिन काफी अच्छी तरह तैयार होते हैं। अगर आप भी इस लोहड़ी के त्योहार पर पारंपरिक रूप से तैयार होना चाहते हैं, तो बॉलीवुड के कुछ अभिनेताओं से टिप्स ले सकते हैं। इन अभिनेताओं से टिप्स लेकर आपका अंदाज भी काफी स्टाइलिश दिखेगा।

**कार्तिक आर्यन:** पीला रंग तो वैसे भी बेहद शुभ होता है। ऐसे में आप लोहड़ी के त्योहार पर कार्तिक आर्यन की तरह पीले रंग का सिल्क का कुर्ता और पायजामा पहन सकते हैं।

**वरुण धवन:** लोहड़ी के त्योहार में ऐसी धोती और कुर्ता आपको स्टाइलिश लुक देने में मदद करेगा। वरुण धवन की तरह की आप अपने लुक को अच्छा बना सकते हैं।

**सिद्धार्थ मल्होत्रा:** अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा अपने लुक्स से अक्सर लड़कियों को इंप्रेस करते रहते हैं। ऐसे में आप उनसे प्रेरणा लेकर लोहड़ी के लिए तैयार हो सकते हैं। इससे आपका अंदाज क्लासी दिखेगा।

**शाहिद कपूर:** इस तरह के वर्क वाला कुर्ता आप लोहड़ी पर पहन सकते हैं। इसके साथ आप चाहें तो दुपट्टा कैरी कर सकते हैं। दुपट्टा आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करेगा।

**विक्की कौशल:** अगर कूल दिखना चाहते हैं, तो जींस के साथ लाल रंग का कुर्ता पहन सकते हैं। इस तरह के लुक के साथ आप पैरों में कोल्हापुरी चप्पल पहन सकते हैं।

**आयुष्मान खुराना :** अपनी एक्टिंग की वजह से लोगों का दिल जीतने वाले आयुष्मान खुराना के एथनिक लुक्स काफी ज्यादा क्लासी होते हैं। अगर आप लोहड़ी के दिन एथनिक पहनना चाहते हैं, तो उनकी तरह ही कुर्ता पायजामा और जैकेट पहन सकते हैं।

# सर्दियों में इन जैकेटों को अपनाएं तो कलेक्शन देखकर लोग करेंगे तारीफ



लगातार बढ़ती ठंड से हर कोई परेशान है। सर्दी के मौसम में लोग तमाम तरह के हैवी-हैवी कपड़े पहनकर घूमते हैं, ताकि उनकी मदद से उन्हें सर्दी कम लगे। जिस तरह से गर्मी के मौसम में लोग तरह-तरह के कपड़े पहनकर स्टाइल दिखाते हैं, ठीक उसी तरह से सर्दियों में भी स्टाइल दिखाना बेहद जरूरी हो जाता है। खासतौर पर अगर बात की जाए जैकेटों की तो ज्यादातर लोगों को ये पता ही नहीं होता है कि जैकेट कितने तरह की होती हैं।

ऐसे में आज के लेख में हम आपको कुछ ऐसी ही जैकेटों के बारे में बताएंगे, जिनको कैरी करके आप सर्दी के मौसम में भी स्टाइल दिखा सकते हैं। जिन जैकेटों के बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं,

**बॉम्बर जैकेट:** अगर आपको डैपर लुक पसंद है तो इस तरह की बॉम्बर जैकेट आपके लिए एक बेहतर विकल्प है। इस तरह की जैकेट टीशर्ट के साथ काफी ज्यादा क्लासी दिखती है। अगर आप इस जैकेट के साथ कूल दिखना चाहते हैं तो कैप पहन सकते हैं।

**ट्रकर जैकेट:** इसे डेनिम जैकेट भी कहते हैं। हर लड़के और लड़की के पास ट्रकर जैकेट होना बेहद जरूरी होता है। इसे हर तरह की टीशर्ट के साथ कैरी किया जा सकता है। ऐसे में आप इस तरह की जैकेट को अपने कलेक्शन में शामिल कर सकते हैं।

**पारका जैकेट:** जिन जगहों पर ज्यादा सर्दी होती है, उनके लिए ये जैकेट काफी सही विकल्प होता है। ऐसे में आप भी इस तरह की जैकेट को अपने कलेक्शन में शामिल कर सकते हैं। इस तरह की जैकेट काफी लंबी होती है, इसके साथ ही इसकी टोपी में फर लगी होती है।

**ब्लोजन जैकेट:** वैसे तो ये जैकेट बॉम्बर जैकेट की ही तरह होती है, लेकिन ये काफी ढीली होती है। ऐसे में ये पहनना काफी आरामदायक होती है। ऐसे में आप भी इस तरह की जैकेट को अपने कलेक्शन में शामिल कर सकते हैं।

**बाइकर जैकेट:** इस तरह की जैकेट लेदर से बनी होती हैं।

कार्नर न्यूज

## सेलिब्रिटीज के पहनें डिजाइनर लुक्स को फॉलो करते हैं लोग

# नए साल में स्टाइलिश लहंगा डिजाइंस बन सकते हैं लेटेस्ट फैशन ट्रेंड का हिस्सा

*आजकल कई डिजाइंस के लहंगे आपको ऑनलाइन से लेकर ऑफ़्लाइन मार्केट तक में नजर आ जाएंगे। लहंगे की बात करें तो आजकल हम इसके लिए सेलिब्रिटीज के पहनें हुए डिजाइनर लुक्स को फॉलो करते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं इस साल 2024 में लेटेस्ट फैशन ट्रेंड में आने वाले लहंगे के ये स्टाइलिश डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स-*

*सिल्क लहंगा डिजाइन*

*एलिगेंट और क्लासी लुक पाना चाहती हैं तो इस तरीके का आप सिल्क फैब्रिक से बना लहंगा पहन सकती हैं। इस तरह का लहंगा आप अलमारी में बंद पड़ी पुरानी साड़ी की मदद लेकर भी बना सकती हैं। वहीं आप चाहे तो इस तरीके के लहंगे को बनाने के लिए एक से ज्यादा साड़ी का भी इस्तेमाल कर सकती हैं.*



### पेस्टल कलर लहंगा लुक

पेस्टल कलर देखने में सटल और सॉफ्ट लुक देने में सहायता करता है। इस तरह में आपको स्काई ब्लू, पीच, बेज, जैसे कई अन्य कलर ऑप्शन देखने को मिल जाएंगे। वहीं इस तरह के लाइट कलर्स को आप दिन के समय होने वाले फंक्शन के लिए चुन सकती हैं। साथ ही इसमें आप चाहे तो छोटे साइज के पर्ल का इस्तेमाल कर स्टाइलिश दे सकती हैं। इसके अलावा आपको इनमें शिमरी डिजाइन में भी काफी लहंगे देखने को मिल जाएंगे। ग्लैम लुक की बात करें तो आपको इसमें बारीक वाली सीक्वेन वर्क भी मार्केट में नजर आ सकता है।

### फिशटेल लहंगा डिजाइन

कुछ साल पहले फिशटेल डिजाइन के लहंगे को काफी पसंद किया जाता जा रहा है और इसे तब चलन में भी देखा जा रहा था। वहीं अब यह एक बार फिर मार्केट में काफी नजर आ रहा है। अगर आप पतली और लंबी हैं तो इस तरह का लहंगा डिजाइन आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में सहायता करेगा। इस खूबसूरत डिजाइंस को डिजाइनर मनीष मल्होत्रा एक बार लेकर आए हैं। इस तरह के लहंगे के साथ आप चाहे तो रेडीमेड स्टाइल के ब्लाउज खरीद सकती हैं और दुप्पट्टे को स्किप भी कर सकती हैं।

### गोल्डन लहंगा लुक

गोल्डन कलर कभी फैशन ट्रेंड से आउट नहीं होता है और लगभग हर वेडिंग लुक के लिए बेस्ट रहता है। इस तरह के लहंगे के साथ आप ग्रीन कलर की ज्वेलरी को कलर कंट्रास्ट को ध्यान में रखकर स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही गोल्डन में आपको कई डार्क, सटल, कॉपर जैसे कई अन्य मिलते-जुलते कलर्स भी देखने को मिल जाएंगे। इंग्लिश कलर की बात करें तो इसमें आप शैम्पेन गोल्ड कलर को चुन सकती हैं।

### मल्टी शेड लहंगा लुक

इस तरह का लहंगा अक्सर वेडिंग फंक्शन जैसे हल्दी या मेहंदी सेरेमनी के समय आप पहन सकती हैं। वहीं मल्टी में आपको पेस्टल और ब्राइट कलर के कॉम्बिनेशन से भरे कई लहंगे आसानी से मिल जाएंगे। इस तरह के लहंगे के साथ ज्यादातर लहंगा स्कर्ट से ज्यादा ब्लाउज पर हैवी वर्क किया हुआ देखा जाता है। हालांकि, ज्यादातर ब्लाउज के लिए हम रेडीमेड डिजाइन को चुनना पसंद करते हैं।

## खबर संक्षेप



### पूज्य सिंधी पंचायत के किशन बने नए अध्यक्ष

**कोरबा।** पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा आहूत सिंधी समाज कोरबा की वार्षिक आम सभा मंगलवार को संपन्न हुई। पूर्व निर्धारित कार्यक्र अनुसार पंचायत एवं उसके सहयोगी संगठनों द्वारा कार्यकाल पूरा होने पर आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। जिसके बाद निवृत होने से पूर्व अध्यक्ष कंवरलाल मनवानी, संरक्षक मुरलीधर माखीजा, उपाध्यक्ष अशोक चावलानी ने समाज को संबोधित किया। अंत में नवनिर्वाचित अध्यक्ष किशन चंद दावड़ा को सहायक चुनाव अधिकारी आनन्द बुधवानी द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सत्र 2024-25 के लिए पूज्य सिंधी पंचायत का विधिवत अध्यक्ष घोषित किया। जिसका सभी ने तालियों की करतल ध्वनि से अनुमोदन किया। पश्चात निवृतमान अध्यक्ष कंवरलाल मनमानी तथा अन्य सभी वरिष्ठ व कनिष्ठ सदस्यों द्वारा नव निर्वाचित अध्यक्ष किशन चंद दावड़ा का पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया। पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष किशन चंद दावड़ा ने भविष्य में सभी से सहयोग की अपेक्षा करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन पंचायत के वरिष्ठ उपाध्याय परसराम रामानी, जनसंपर्क अधिकारी आनन्द बुधवानी ने किया एवं सचिव नरेश जगवानी ने आभार प्रदर्शन किया।

### नवापारा, बीरतराई, देवलापाठ में संकल्प यात्रा का शिविर आज

**कोरबा।** भारत सरकार की लोक हितैषी विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आमजन निरंतर लाभान्वित हो रहे हैं। विगत माह से सतत रूप से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 12 जनवरी को करतला जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम नवापारा रो, बीरतराई, देवलापाठ में 10 बजे से तथा कोथारी, महोरा, चिचोली में 2 बजे से, कोरबा जनपद के ग्राम मुढुनारा, कल्दामार, मातमार में 10 बजे से कुरूडीह, कुदरी में 2 बजे से, विकासखंड कटघोरा के ग्राम तेलसरा में 11 बजे से, पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम नवापारा में 10 बजे से एवं घुमानीडांड/तलमलीडांड में दोपहर 2 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित किया जाएगा।

### समीर बने श्रमजीवी पत्रकार संघ के शहर अध्यक्ष



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के कोरबा जिला अध्यक्ष राहुल डिक्सेना ने प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी की अनुशंसा पर जिले में संगठन का विस्तार करते हुए कोरबा शहर के लिए युवा पत्रकार समीर गुप्ता को शहर अध्यक्ष नियुक्त किया है। बुधवार को कोरबा के सुभाष चौक स्थित प्रेस कार्यालय में शहर की नई कार्यकारणी की बैठक हुई जहां बतौर मुख्य अथिति संघ के जिलाध्यक्ष राहुल डिक्सेना उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से समीर गुप्ता को शहर अध्यक्ष चनियत किया गया। इस अवसर पर कुलदीप कुमार, चंद्र कुमार श्रीवास, अनिल राठौर, देवराज राठौर, अजय अग्रवाल, कमलेश तिवारी, राहुल बंजारे,कन्हैया लाल पटेल उपस्थित थे।

### महापौर ने सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण का निरीक्षण किया



**कोरबा।** वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस झोपड़ीपारा में गुरूवार को बन रहे सीसी सड़क निर्माण कार्य की जा रहा है। जिसका निरीक्षण महापौर राजकिशोर प्रसाद ने किया। उन्होंने समतलीकरण व स्लोप सही है या नहीं, कुछ स्थान पर स्लोप में गड़बड़ी देखकर निगम के अधिकारियों को ठीक कराने के निर्देश देते हुए सतत मानीटरिंग कर सड़क निर्माण हो या रिपेयरिंग कार्य हो सही दिशा में कार्य कराए, समय पर क्यूरिंग कराएं ताकि सड़क निर्माण कार्य मजबूती से हो सके, जिससे उस सड़क पर लोगों को आने-जाने में परेशानी न उठानी पड़े। महापौर श्री प्रसाद ने बस्तीवासियों से मुलाकात कर अन्य समस्याओं से संबंधित अन्य जानकारी प्राप्त कर उनकी समस्याओं के निराकरण कराये जाने का आश्वासन दिया। वार्ड के विभिन्न मोहल्लों व पारों में भ्रमण कर अन्य समस्याओं को जानकर उसके निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को दिए।

### विधिक साक्षरता शिविर का हुआ अयोजित

**मड़वारानी।** शाउमा विद्यालय कोथारी द्वारा ग्राम रोगदा (नावापारा) में आयोजित विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तृतीय दिवस गोष्ठी कार्यक्रम में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निमेश कुमार राठौर अधिवक्ता जिला एवं सत्र न्यायालय कोरबा उपस्थित रहे। शिविर में कार्यक्रम अधिकारी धरमलाल लहरे ने उनका एनएसएस बैज लगातर तथा पुष्प गुच्छों से स्वागत किया।

## बीएमएस ने सीएमपीएफ में हुए घोटाले पर सीबीआई जांच की रखी मांग

# एसईसीएल के सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय में बीएमएस का धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वर्तमान में कोयला खान भविष्य निधि (सीएमपीएफ) में हुए लगभग 900 करोड़ रुपए घोटाले की सीबीआई से जांच की मांग तथा कोयला क्षेत्र में कार्यरत ठेका मजदूर के अधिकारों का हो रहे शोषण के खिलाफ अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के आह्वान पर बीएमएस ने एसईसीएल के कोरबा, गेवरा, कुसमुंडा, दीपका महाप्रबंधक कार्यालय व केन्द्रीय कर्मशाला के सामने धरना प्रदर्शन कर महाप्रबंधक को कोयला मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। साथ ही मांगे पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

**खास बात**

- ठेका मजदूरों को उनका अधिकार देना होगा

उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ की 108वीं कार्यसमिति बैठक नागपुर में लिए गए निर्णय के तहत सीएमपीएफ में हो रहे घोटाले को लेकर महासंघ द्वारा अध्यक्ष, सह प्रबंध निदेशक, कोल इंडिया प्रबंधन को कई पत्र लिखे गए, लेकिन कोई सुधार नहीं हुई साथ ही कोल इंडिया के कोयला प्रक्षेत्र में कार्यरत ठेका कर्मियों के अधिकारों का धड़ल्ले से शोषण किया जा रहा है। इसके पश्चात महासंघ ने सीएमपीएफ तथा ठेका कर्मियों के मुद्दों को लेकर आंदोलन करने का एक बड़ा निर्णय लिया। भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन, बिलासपुर के द्वारा 8, 9 एवं 10 जनवरी को कोरबा, कुसमुंडा, गेवरा, दीपका, केंद्रीय कर्मशाला, कोरबा एवं गेवरा तथा मुख्यालय बिलासपुर में गेट मीटिंग के माध्यम से कर्मचारियों के बीच जन जागरण का कार्यक्रम लगातार तीन दिवस सभी क्षेत्र व इकाइयों में किया गया। जिसके बाद 11 जनवरी को स्थाई एवं ठेका कर्मचारी सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन करते हुए क्षेत्रीय महाप्रबंधकों के माध्यम से प्रहलाद जोशी, संसदीय कार्य मंत्री एवं कोयला मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। संगठन की मांगे है कि सीएमपीएफ में हुए डीएचएफएल निवेश घोटाले की सीबीआई जांच हो तथा दोषियों पर कड़ी कार्यवाही हो। डीएचएफएल कंपनी से 727.67 करोड रुपए की राशि वसूलकर सीएमपीएफ में यथाशीघ्र जमा किया जाए। सीएमपीएफ को पूर्ण रूप से ऑनलाइन करते हुए पेंशनरों के लिए अलग से ऑनलाइन पोर्टल बनाया जाए ताकि जीवित प्रमाण पत्र एवं शिकायत सीधे सीएमपीएफ कार्यालय में प्रेषित किया जा सके। सीएमपीएफ की क्षेत्रीय त्रिपक्षीय समिति की बैठक प्रत्येक माह में सुनिश्चित किया जाए। सेवानिवृत कर्मियों को सीएमपीएफ का भुगतान सेवानिवृत्ति के दिन ही किया जाए। सेवानिवृत कर्मियों का रिवाइज्ड पेंशन पेमेंट ऑर्डर एवं रिवाइज्ड पेंशन का कार्य यथा शीघ्र पूरा किया जाए। सभी ठेका मजदूरों को जॉब सिक्योरिटी दी जाए। सभी ठेका मजदूरों को एचपीसी वेजेस में सम्मिलित किया जाए। सभी ठेका मजदूरों को कंपनी के रिक्त आवास आवंटित किया जाए। सभी ठेका मजदूरों को पीएलआर बोनस का भुगतान हर वर्ष दीपावली के पूर्व किया जाए। सभी ठेका मजदूरों को 8 घंटे का काम सुनिश्चित किया जाए। सभी ठेका मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा सीएमपीएफ, पेंशन, ग्रेच्युटी, ग्रुप इंश्योरेंस प्रदान कर ठेका श्रमिक एवं आश्रितों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान किया जाए। उक्त मांगों पर यदि कोल इंडिया प्रबंधन एक निश्चित समय अवधि के भीतर उचित निर्णय नहीं लेते हैं तो महासंघ द्वारा चरणबद्ध आंदोलनात्मक कार्यक्रम सुनियोजित है 12 फरवरी को सीएमपीएफ क्षेत्रीय आयुक्त कार्यालय रांची के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन एवं 15 फरवरी को सीएमपीएफ मुख्यालय, धनबाद के समक्ष धरना प्रदर्शन तथा 23 फरवरी को कोल इंडिया मुख्यालय, कोलकाता के समक्ष राष्ट्रीय स्तर पर विशाल धरना प्रदान किया जाएगा।



प्रदर्शन करते बीएमएस के कार्यकर्ता।

## प्रेरणा महिला मंडल के मेले का सभी ने लिया आनंद




कार्यक्रम में शामिल महिला मंडल की सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार एवं प्रथम महिला विद्युत उत्पादन कंपनी प्रभा कटियार के मुख्य आतिथ्य में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व के सीनियर क्लब के प्रांगण में 7 जनवरी को प्रेरणा महिला मंडल के द्वारा आनंद मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्पादन कंपनी कोरबा पूर्व के मुख्य अभियंता डॉ.हेमंत सचदेव एवं प्रेरणा महिला मण्डल की अध्यक्षा सविता सचदेव की अध्यक्षता में एवं मड़वा ताप विद्युत गृह के कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा एवं आकृति महिला मण्डल की अध्यक्षा निवेदिता बंजारा, कोरबा पश्चिम के मुख्य अभियंता संजय शर्मा एवं संकल्प महिला मण्डल की अध्यक्षा निहारिका शर्मा विशिष्ठ आतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों का स्वागत आवासीय परिसर के बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य से किया गया। आनंद मेला में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के 14 स्टाल तथा मनोरंजन खेल के 2 स्टाल लगाए गए। प्रबंध निदेशक एवं मुख्य अभियंताओ द्वारा अपनी कला प्रदर्शन करते हुए सुन्दर गीतो की प्रस्तुती दी गई एवं विशेष कार्यक्रम में अंकुर विद्यालय के दिव्यांग बच्चों द्वारा सुदंर मनमोहक गीतो एवं रंगारंग नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर प्रेरणा महिला मंडल की अध्यक्षा सविता सचदेव, उपाध्यक्षा अंजना कुजूर, राजेश्वरी रावत, अलका कंसल, मालती जोशी, विभा करनाल, सचिव अनिता टण्डन, कोषाध्यक्ष स्मिता शर्मा, सहसचिव पदमा जांगड़े, रंजिता कश्यप, क्रीडा सचिव सीमा राजपूत, अनामिका गुप्ता सांस्कृतिक सचिव सुनिता शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## राम मंदिर निर्माण में सबको गिलहरी की तरह निभाना चाहिए योगदान: प्रेमचंद



विधायक को स्मृति चिन्ह भेंट करती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आदर्श नगर कुसमुंडा में प्रेरणा महिला मंडल ने 7 दिवसीय आध्यात्मिक श्रीराम कथा का आयोजन किया। इस राम कथा के कथावाचक तिलक राम आध्यात्मिक हैं। जिसने कुसमुंडा के नगर वासियों ने बढ़-चढ़ कर श्रवण पान किया। रोजाना भीड़ उमड़ रही हैं। इस कथा में अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल पहुंचे और प्रभु श्री राम जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बोले की जो अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। उसमे हम सब का योगदान कम से कम उस गिलहरी की तरह होना चाहिए जो आपने छोटे पूछ से राम सेतु में यथाशक्ति अपना सहयोग दिया। इस मैक पर विधायक प्रेमचंद पटेल के द्वारा आयोजक प्रेरणा महिला मंडल के साथ में नारी शक्ति महिला मंडल, एकता महिला मंडल और स्वतंत्र महिला मंडल ये सभी सामान्य महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान युवा भाजपा नेता विकेश झा, राजेश पटेल, व्यापारी संघ अध्यक्ष गेवरा बस्ती संतोष राठौर, दयानिधि प्रधान, सूरत मिश्रा, पप्पू महाजन, मन्नू राठौर, सालिक राम, रावेन्द्र पटेल, रितेश सिंह, अभिषेक पटेल, कुलदीप साहू, गुरदीप सिंह, कुलदीप मिरी, अभिषेक आदिले, प्रेरणा महिला मंडल के अध्यक्ष उमा सोनी, एकता महिला मंडल के अध्यक्ष श्रीमती अनीता शर्मा, नारी शक्ति महिला मंडल के अध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, स्वतंत्र महिला मंडल के अध्यक्ष श्रीमती मंजू निराला, परमजीत कौर, हेमा शर्मा, तुलेश्वरी साहू, मंजू यादव, पुष्पा पाल, नेहा अग्रवाल, शारदा जयसवाल, लक्ष्मीन मरकाम, अर्चना सिंह, पिंकी प्रजापति, नेहा राजपूत, एसपी लशेर, लव साहू, देव साहू, हरिन चंद्रा एवं शम्भू सिंह सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अभामा महिला सम्मेलन का प्रांतीय अधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष सरोज सुनालिया के नेतृत्व में राजीव ऑडिटोरियम में अभामा महिला सम्मेलन का सप्तम प्रांतीय अधिवेशन आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल प्रमुख वक्ता समाजसेवी अशोक मोदी, पवन अग्रवाल, रूपेश सुनालिया राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल, राष्ट्रीय आंचल प्रमुख शारदा महरिया राष्ट्रीय संबंध समन्वय प्रमुख सुधा अग्रवाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लता सांवरिया, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष उषा अग्रवाल, प्रांतीय सचिव प्रेमा अग्रवाल, प्रांतीय कोषाध्यक्ष प्रीति मोदी कोरबा शाखा अध्यक्ष, सचिव रश्मि सरावगी, कोषाध्यक्ष पंखुड़ियां अग्रवाल के साथ प्रांत की 47 शाखाओ की शाखाध्यक्ष,सचिव कोषाध्यक्ष के सहित 300 से अधिक बहनों ने भाग लिया।

**खास बात**

- कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने की अभामा महिला को भवन बनाकर देने की घोषणा



कैबिनेट मंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट करती महिलाएं।

मुख्य अतिथि लखनलाल देवांगन ने अभामा महिला सम्मेलन के द्वारा किए गए सेवा कार्य सरहद पर सैनिकों के लिए रक्षा सूत्र भेजना, रक्त दान,नेत्रदान,देहदान करवाना महिला एवं बच्चों के उत्थान आदि माननीय सेवा कार्य के लिए प्रशंसा करते हुए अभामामहिला सम्मेलन की बहनों को साधुवाद दिया। श्री देवांगन ने कहा आपके सामाजिक सरोकार से शासन प्रशासन से भरपूर सहयोग मिलेगा। इस अवसर प्रदेश अध्यक्ष सरोज सुनालिया ने समाज की गतिविधि के लिए भवन निर्माण की मांग की और मंदिरों में अधिक से अधिक शौचालय का निर्माण किया जाए। जिस पर मंत्री श्री देवांगन ने अपनी सहमति प्रदान करते हुए कहां की शहर में अभामाम सम्मेलन के लिए एक सर्व सुविधा युक्त भवन निर्माण करवाने की घोषणा की। प्रमुख वक्ता अशोक मोदी अभामा महिला के कार्यों की तारीफ करते हुए राम आयेंगे आयेंगे राम गीत बहनों से गंवायें अशोक सिंघल और संपत अग्रवाल के विषय में बतायें। मंच को राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल ने भी द्वारा संबोधित किया गया। मारवाड़ी महिलाओं के द्वारा आर्टिस्ट (दृश्य कला) विवेक अग्रवाल जी एवं पेरा आर्टिस्ट चूड़ामणि का प्रतिभा सम्मान से नवाजा गया ।अधि वेशन में अध्यात्म झंडा प्रति. मिलेट्स व्यंजन प्रतियोगिता में सारंगढ़ शशिकला ,मधु को प्रथम , चंद्रपुर शाखा का स्थान द्वितीय रहा । नारी एक रूप अनेक आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । पश्चात विभिन्न शाखों द्वारा इस सत्र के उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें पुरस्कार वितरण किया गया । कार्यक्रम में लीना अग्रवाल व रश्मि सरावगी ने मंच संचालन किया,उक्त कार्यक्रम आथित्य शाखा अनीता,उर्मिला सुनीता मुख्तार रितु शाखा की सभी बहने उपस्थित रही।

## देवांगन समाज का वनभोज कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजगामार



बालको देवांगन समाज द्वारा वन भोज कार्यक्रम खेतार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों के मनोरंजन के लिए विविध प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें छोटे बच्चों के लिए जलेबी दौड़ एवं कुर्सी दौड़ रखा गया। महिलाओं के लिए बैलून रेस व पुरुषों के लिए कप गेम रखा गया। कपल्स के लिए पत्नी श्रृंगार प्रतियोगिता भी रखा गया। जिसमें समाज के सभी स्वजातीय भाइयों और बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर समिति का गठन भी किया गया। अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से हरीश देवांगन का चयन किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष शिव शंकर देवांगन, विजेश देवांगन, सचिव राजेंद्र देवांगन, सह सचिव विकास देवांगन, रवीश देवांगन, कोषाध्यक्ष बसंत देवांगन, सह कोषाध्यक्ष धनेंद्र देवांगन, संगठन सचिव डोमन देवांगन, पुनीत, योगेश, पवन, प्रचार सचिव सूरज देवांगन, वरुण देवांगन, केदार देवांगन, अनिल देवांगन, प्रकाश देवांगन, संरक्षक अर्जुन देवांगन, आलोक देवांगन, अजय, लक्ष्मण देवांगन चयनित हुए। महिला प्रकोष्ठ में अध्यक्ष किरण देवांगन, उपाध्यक्ष प्रतिमा देवांगन, सचिव रजनीबाला , सहसचिव लुसिता देवांगन, संगठन सचिव मीना, सोनम, तनुप्रिया सीमा देवांगन चयनित हुए।

## मसाहती ग्रामों के सर्वे में आ रही समस्याओं का किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मसाहती ग्रामों के सर्वे में आ रही कई समस्याओं के निराकरण के संबंध में कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा राजस्व अधिकारियों एवं भू-अभिलेख अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये थे। इसी कड़ी में अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग और आईआईटी रूड़की के सुमित झा की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी एसडीएम एवं राजस्व अधिकारी की बैठक ली गई। बैठक में कोरबा जिले अन्तर्गत 113 मसाहती ग्रामों का सर्वे के संबंध में फील्ड में आ रही समस्याओं का निराकरण किया गया है। अपर कलेक्टर द्वारा दो माह के भीतर मसाहती ग्रामों का सर्वे कराकर प्रारंभिक प्रकाशन के निर्देश दिए गये। तहसीलदारों द्वारा दिए गये सूचना के आधार पर 11 ग्रामों का प्रारंभिक प्रकाशन एक सप्ताह में किये जाने की जानकारी दी गई। बैठक में एसडीएम श्रीकांत वर्मा, सरोज महिलांगे, रिचा सिंह, रूचि शार्दुल, अधीक्षक भू-अभिलेख अमित झा सहित सभी तहसीलदार उपस्थित थे।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए लाल बहादुर शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शास्त्री जी सच्चे गांधीवादी थे जिन्होने अपना सारा जीवन सादगी से बिताया और गरीबों की सेवा में लगाया। उक्त बातें महापौर राजकिशोर प्रसाद ने जिला कांग्रेस कार्यालय टीपी नगर में आयोजित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री के पुण्यतिथि कार्यक्रम में कही। श्री प्रसाद ने कहा कि भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भारतीय स्वाधीनता संग्राम के दौरान कई बार जेल जाना पड़ा था। श्री शास्त्री नेहरू मंत्री मण्डल में गृहमंत्री के पद पर भी रहे और नेहरू के निधन पश्चात भारत के प्रधानमंत्री भी बने।

जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कुसुम द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में बताया कि 8 अगस्त 1942 की रात महात्मा गांधी ने अंग्रेजों को भारत छोड़ो और भारतीयों को करो या मरो का नारा दिया 9 अगस्त 1942 को शास्त्री जी ने इलाहाबाद पहुंचकर इस आंदोलन के गांधीवादी नारे को चतुराई पूर्वक मरो नही मारो में बदल दिया और अप्रत्याशित रूप से क्रांति के दावानल को पूरे देश में प्रचण्ड रूप दे दिया। पूर्व सभापति एवं ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर ने कहा कि शास्त्री जी का राजनैतिक क्रियाकलाप सैद्धांतिक के साथ-साथ पूर्णतः व्यवहारिक और जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप था। शास्त्री जी ने जय जवान जय किसान का नारा दिया। इस नारा ने भारत के किसानों और जनता का मनोबल बढ़ाया और सारा देश एकजुट हो गया। इस मौके पर पार्षद रवि चंदेल, पूर्व एल्डरमेन रामगोपाल यादव, सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बंटी शर्मा, रवि खुंटे, हाजी इकबाल दयाला, सीमा उपाध्याय, गीता महंत, रामायण दास, श्यामा बाई, मनहरण राठौर, राजेश श्रीवास, अमृता उरांव, सुरेश कुमार अग्रवाल आदि ने शास्त्री जी के जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके बताये राह पर चलते हुए देश की सेवा करते रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने शास्त्री जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया और उन्हे श्रद्धा सुमन श्रद्धांजली दी गई।

## पृष्ठ 1 का शेष

### नियम विरुद्ध...

को मजबूर हो गए हैं। यह सब सिर्फ प्रशासनिक अधिकारी की कर्तव्य निष्ठा और चुस्त कार्यशैली का प्रमाण है। दूसरे विभागों में भी इसी तरह के भर्राशाही चल रही है, जिस पर भी आने वाले दिनों में सुधार देखने को निश्चित ही मिलेगा। कलेक्टर अजीत बसंत के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी शशिकांत कुर्रे, एसडीएम कोरबा श्रीकांत वर्मा द्वारा राखड़ परिवहन करने वाले वाहनों की सघन जांच की जा रहीहै। इस दौरान बिना तिरपाल, बिना रिफलेक्टर, बिना फिटनेस के संचालित राखड़ वाहनों पर कार्यवाही की गई। उड़नदस्ता टीम द्वारा गुरूवार को 32 गाड़ियों से 37 हजार रुपये की जुर्माना राशि वसूल की गई। इसके पहले दिन टीम द्वारा 12 राखड़ लोड गाड़ियों पर कार्रवाई 18 हजार रुपए की राशि वसूली गई। जांच और कार्रवाई यह बताने के लिए काफी है कि नियमों का किस कदर उल्लंघन होता रहा है। यदि अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठा दिखाई जाती तो इस तरह की नौबत शायद नहीं आती और ट्रांसपोर्टर भी नियमों से चलते। अब देखना यह है कि कलेक्टर की सख्ती का असर इन अधिकारियों पर कब तक रहेगा और वह पूरे नियम कायदों का पालन कराते हुए वाहनों को सड़कों पर चलाने के लिए किस हद तक सक्रिय रहेंगे।

### सरपंच व पूर्व सचिव...

सरपंच ओमप्रकाश कंवर एवं पूर्व सचिव सूरज बरेठ विभाग के अफसरों से मिलीभगत कर गरीबों का राशन डकार रहे हैं।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गारंटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

### खबर संक्षेप



### जिला स्तरीय कराते रेफ़री सेमिनार का हुआ आयोजन

**कोरबा।** एक दिवसीय ज़िला स्तरीय कराते रेफ़री सेमिनार का आयोजन लेवल अप मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स अकादमी क्यूटी सेंटर में किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य कराते संघ से प्रमाणित एवं राष्ट्रीय रेफ़री शिवा निर्मलकार एवं उत्तम निर्मलकार द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें वर्ल्ड कराते फ़ेडरेशन के एवं साउथ एशियन कराते संघ के नियमों की बारीकियो को बताया गया। जिले से चयनित ज़िला स्तरीय रेफ़्रियो में अशोक यादव, ब्रजेश बाजपेयी, देवशीष कश्यप, रिया श्रीवास, ईशा बंजारे, अलका महंत, भुवनेश्वरी काकोड़िया, रिया टंडन, यशराज खरे, मंशी यादव, तन्य पाटले, पारस कुमार जैन, सेखर पाटले, नेहा नवरंग, अनीश, अनोखी खरे है। ज़िला सचिव प्रेमराज बंजारे ने बताया कि जज बी का बिलासपुर में एवं जज ए का एग्जाम दिल्ली में आयोजित होगी। जिसके लिये इन सभी रेफ़रियो को चयनित किया गया है।

### गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम में शामिल हुए रजनीश

**कोरबा।** दादरखुर्द में गायत्री परिवार द्वारा आयोजित गायत्री महायज्ञ में भाजपा नेता रजनीश देवांगन शामिल हुए। इस दौरान श्री देवांगन मां गायत्री की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की मंगल कामना की। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार लोगों में वैचारिक परिवर्तन लाकर समाज के उत्थान की दिशा में निरंतर काम कर रही है। विश्व शांति की ओर अग्रेषित इस शांतिकुंज हरिद्वार संस्था लोगों में आध्यात्मिक दर्शन एवं जन जागरण ला रही है। गायत्री परिवार के दादर खुर्द में नवचेतना जन जागरण संगीत प्रवचन ध्यान योग विशाल दिव्यज्ञ जैसे विभिन्न आयोजन होती है।

### कसौधन समाज की बैठक संपन्न



**कोरबा।** जिला के कसौधन समाज की बैठक शारदा विहार में आहूत की गई। बैठक के मुख्य अतिथि श्रीनाथ गुप्ता राष्ट्रीय मंत्री उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रुप में चित्रकेत गुप्ता राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में निष्ठा व लगन से कार्य करने व समाज को आगे बढ़ाने के लिए चर्चा की गई। आर्थिक रूप से जो कमजोर हैं उन्हें सहयोग कर उन्हें भी आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करें व साथ में देश हित में भी कुछ कार्य रचनात्मक करें चाहे पर्यावरण रक्षा का हो चाहे स्वच्छता का हो इस प्रकार उनके द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। जिला का नई कार्यकारिणी की गठन करते हुए अध्यक्ष शिव प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष दिनेश गुप्ता, सचिव अशोक गुप्ता, संगठन सचिव सीताराम गुप्ता, कोषाध्यक्ष हरिकेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी रमेश गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, जनगणना प्रभारी रमेश गुप्ता, सूरज गुप्ता शामिल हैं।

### क्रेडा ने आयोजित किए डीएवी स्कूल में विभिन्न कार्यक्रम

**कोरबा।** क्रेडा ने डीएवी पब्लिक स्कूल एसईसीएल में एनर्जी एफिशिएंट प्रोग्राम के अंतर्गत ऊर्जा संरक्षण विषय पर अधारित विभिन प्रतियोगिताओं का अयोजन किया। कार्यक्रम में कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए स्लोगन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। जिसमें आराध्य तिवारी, प्रारब्धि राठौर मो. आतिफ जहांगीर, आसी देवांगन, श्रेया अग्रवाल, सेजल श्रीवास ने बेहतर प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में आयोजित प्रश्न मंच प्रतियोगिता में श्रृष्टि मिश्रा, हर्षिका यादव, आएशा अली, प्रतीक्षा देवनाथ, सागर पटेल, देव साहू, शौर्य सिंह और अद्यांश गुप्ता ने बाजी मारी। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान विद्यार्थी, शिक्षक एवं क्रेडा के सदस्यों ने रैली निकालकर जन-जन में ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर प्राचार्या अनामिका भारती, सुनीता श्रीवास, अभिषेक कर्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी घनश्याम तिवारी ने किया।

### खाली जमीन का एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए होगा इस्तेमाल

# कोल इंडिया का अब सोलर और हाइड्रो पॉवर पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया अब रिन्यूएबल कारोबार में कदम रखने जा रही है। कंपनी ने रिन्यूएबल कारोबार के लिए अलग से सेल बनाई है। ये स्पेशल सेल हाईड्रो और सोलर पावर पर फोकस करेगी। अगले तीन साल में नेट

**खास बात**

■ कोल इंडिया अनुषंगी कंपनियों के बंद कोयला खदानों का करेगी निरीक्षण


फाइल फोटो

जीरो एमिशन का टारगेट है। कोल सेक्रेटरी अमृतलाल मीणा ने कहा कि कोल निकालने के बाद खाली जमीन का इस्तेमाल एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए होगा। सरकार ने डीकोल्ड लैंड के लिए पॉलिसी बनाई है। कोल इंडिया आने वाले दिनों में अनुषंगी कंपनियों के बंद पड़े खदानों का निरीक्षण करेगी। एसईसीएल की जिले में बंद पड़ी खदानों का भी निरीक्षण करने टीम पहुंचेगी।

डीकोल्ड लैंड इस्तेमाल के लिए सरकार ने 2022 में पॉलिसी बनाई थी। कोयला निकालने के बाद खाली जमीन पर बिजली बनेगी। ऊंची जमीन पर सोलर प्लांट लगाने की योजना है। पानी वाली जमीन पर पंप स्टोरेज के जरिए हाईड्रो प्लांट की योजना है। हाइड्रो प्लांट के लिए पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट के लिए 20 साइट की पहचान की गई है। निवेली लिग्नाइट के पास 1600 मेगावाट रीन्यूएबल एनर्जी जेनरेशन क्षमता है। कोल इंडिया भी रीन्यूएबल एनर्जी क्षमता जोड़ रही है। अगले तीन साल में नेट जीरो एमिशन का लक्ष्य। कोल सेक्टर की सरकारी कंपनी को 5000 मेगावाट रीन्यूएबल एनर्जी की क्षमता बनानी है। ग्रीन एनर्जी के लिए कोल इंडिया के तहत अलग से सेल बनाया गया है। हाईड्रो और सोलर पावर के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। इसे लेकर सभी अनुषंगी कंपनियों के बंद खदानों का निरीक्षण किया जाएगा। जिले में संचालित एसईसीएल के मानिकपुर, बांकीमोंगरा, सुराकछार खदान का भी निरीक्षण किया जाएगा। कोल सचिव ने कहा है कि वर्ष 2030 तक कोयला उत्पादन में आत्मनिर्भर हो जाएंगे। सिर्फ हाई ग्रेड कोकिंग कोल इंपोर्ट की जरूरत होगी। कोल सेक्टर के प्लान पर बात करते हुए उन्होंने आगे कहा कि 2023- 24 में 1012 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य है। पिछले साल कुल 893 मिलियन टन कोयले का उत्पादन हुआ था। कोयला उत्पादन में हर साल 12 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हो रही है। कोल इंडिया में कोयले का उत्पादन पिछले 9 महीने में 11 फीसदी ज्यादा रहा है। देश में वर्ष 2030 तक करीब 1.5 बिलियन टन कोयले की जरूरत होगी। जिस ग्रेड का कोयला अपने देश में मौजूद है उस मामले हम वर्ष 2030 तक आत्मनिर्भर हो जाएंगे। अभी कैप्टिव और कमर्शियल माइंस से करीब 14 फीसदी उत्पादन होता है। वर्ष 2030 तक कुल कोयले का 20 फीसदी उत्पादन कैप्टिव और कमर्शियल कोल माइंस से होगा। वर्ष 2030 तक सरकारी कंपनियां कुल कोयले का 80 फीसदी तक उत्पादन करेंगी।

## संयुक्त सलाहकार समिति ने एसपी से चर्चा कर सौंपा ज्ञापन


पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल मानिकपुर परियोजना कोरबा क्षेत्र के संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक जीतेन्द्र शुक्ला से

**खास बात**

■ चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की रखी मांग

मुलाकात कर मानिकपुर खदान में हो रही लगातार चोरी की घटनाओं में अंकुश लगाने के लिए त्वरित कार्रवाई कार्यवाही की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा है। साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने मानिकपुर कॉलोनी के आवासीय परिसरों में हो रही चोरियों के संबंध में भी जानकारी दी।

कॉलोनी के अंदर एसी के कॉपर वायर एवं केबल को काटे जाने के संबंध में भी जानकारी दी। साथ ही मानिकपुर चौकी में प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज करने में आ रही समस्या से भी अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के दौरान पूर्णता आश्वस्त किया कि चोरी पर हर हालत में अंकुश लगाया जाएगा। साथ ही प्राथमिक दर्ज करवाने में कोई समस्या आम लोगों को नहीं आएगी। प्रतिनिधि मंडल में संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्य मोहन सिंह प्रधान, जेके ठाकुर, कोयला श्रमिक संघ सीटू भगवत सिंह, प्रमोद बनर्जी, संजय सिंह, मिनीलाल साहू, भारतीय कोयला मजदूर संघ चंदराम बंजारे, उत्तम खूंटे, एचएमएस श्रमिक संघ राज किशोर प्रसाद, उज्जवल बनर्जी, एटक श्रमिक संघ उपस्थित रहे। इसके अलावा संयुक्त श्रम के प्रतिनिधियों के द्वारा निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई से भी मिलकर मानिकपुर कॉलोनी में पीने के पानी की समस्या को देखते हुए निगम के द्वारा पाइप लाइन लगवाने के लिए जो राशि निर्धारित की गई थी एसईसीएल द्वारा उसे जमा करने के बावजूद भी आज पर्यंत तक कुछ कारण से प्रक्रिया रुकी हुई है उसे तत्काल कर्मचारी हित में लागू करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा है। आयुक्त ने संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्यों को आश्वस्त किया कि टेंडर की प्रक्रिया हो चुकी है आचार संहिता लगने के पहले यह काम पूरा कर दिया जाएगा।

## अवैध कटाई कर तैयार किया जा रहा था पल्ला और खिड़की, वन विभाग ने मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुछ ग्रामीणों द्वारा बीजा सहित अन्य इमारती लकड़ियों की अवैध कटाई कर उसे चोरी चुपके से घर में बढ़ाई बुलाकर दरवाजा, खिड़की व पल्ला तैयार किया जा रहा था। जैसे ही वन विभाग के अफसर को इसकी भनक लगी वन विभाग की एक टीम ने मौके पर छापामार की कार्रवाई की। जहां वन अमले को मौके से 7 नग बीजा का दरवाजा, 5 नग पल्ला, 26 नग खिड़की का फ्रेम जप्त किया गया है। मामले में वन विभाग की टीम ने वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।


कार्यवाही करता वन विभाग का अमला।

जानकारी के अनुसार कटघोरा वनमंडल के अंतर्गत आने वाले चैतमा वन परिक्षेत्र के ग्राम घाटपारा इरफ निवासी चमरूराम पिता दुलार साय के घर में अवैध रूप से बीजा सहित अन्य इमारती लकड़ियों की कटाई कर वहां बड़े पैमाने पर पल्ला, खिड़की का फ्रेम सहित अन्य सामग्री बढ़ई के द्वारा निर्माण किया जा रहा था। कटघोरा वनमंडल अधिकारी कुमार निशांत को मुखबिर से जब इसकी सूचना मिली तो उन्होंने उड़नदस्ते की टीम को मौके पर छापामार की कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। जहां गुरुवार को उड़नदस्ता की टीम ने चमरू राम के घर में छापामार की कार्रवाई की। जहां उसके घर से बड़े पैमाने पर 7 नग बीजा का दरवाजा, 5 नग पल्ला, 26 नग खिड़की का फ्रेम सहित अन्य इमारती लकड़ी व इन्हें बनाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जप्त किया गया है। इस मामले में वन विभाग ने वन अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद् कर मामले की जान शुरू कर दी है।

## तीन ट्रेलर वाहनों में तोड़ फोड़ करने वाले आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिरकीखुर्द निवासी विजय सिंह 42 वर्ष पिता ललन सिंह ने रिपोर्ट

**खास बात**

■ दीपका थाना क्षेत्र का मामला, शराब पीने के लिए मांग रहे पैसा

दर्ज कराई है कि 10 जनवरी को तिवरता कोल बिनेफिकेशन कंपनी का तीन ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 12 बीएच 3601, सीजी 10 एएल 5701 रवि रात्रे, सीजी 12 एयू 7701 में कोयला लोड कर धतुरा कोलवासरी जा रहे थे तभी ग्राम धतुरा के पास हरदीबाजार निवासी संजय कुमार सूरी 23 वर्ष पिता गोपाल प्रसाद सुरी, परमेश्वर जांगड़े 24 वर्ष पिता संतराम जांगड़े, विजय कुमार कष्यप 26 वर्ष पिता छोटे लाल कष्यप, अकबर आयाम 23 वर्ष पिता बीर सिंह आयाम, आर्यन सिंह करपे 20 वर्ष पिता बंशी लाल करपे द्वारा ट्रेलर वाहन को रोककर रूपये की मांग कर रहे थे। विजय सिंह द्वारा पैसा नहीं देने पर उक्त सभी युवकों के द्वारा गाली गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी देकर वाहनों के शीशे की तोड़ फोड़ करने लगे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 147, 148, 327, 427, 341 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



## भाजपाइयों ने मनाई लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि

**कोरबा।** पूर्व प्रधानमन्त्री लाल बहादुर शास्त्री के पुण्यतिथि पर कोसाबाडी मण्डल के सदस्यों ने कोसाबाडी स्थित उनकी प्रतिमा पर साफ सफाई के बाद माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अजय विश्वकर्मा, प्रकाश अग्रवाल, रजनिश देवांगन, मंजू सिंह, तृप्ति सरकार, राजेंद्र साहू, अजय गौड़, चंदन सिंह, दिनेश वेष्णव, रितेश कुमार साहू, श्रीधर दिवेदी, कृष्णा दिवेदी, हरेराम साहू, चंदन मजुमदार, गोपलाल राठिया, शिव चंदेल, संजीव शर्मा, राखी तिवारी, संतोष केंवट, प्रीति चौहान, रीता नेमी, विनोद तिवारी, रैदास, प्रवीण नागेश, धर्मपाल सोलंकी, जेपी हलवाई , यासीन खान के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कांटाघर व सब स्टेशन में चोरी मामला दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दो अलग अलग थाना क्षेत्र में चोरों ने एक कांटाघर व सब स्टेशन में धावा बोलकर सामानों की चोरी कर ली है। दोनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत निवासी गोपी कुमार नाविक एसईसीएल मानिकपुर में जनरल मजदूर कैटेगिरी-1 के पद पर कार्य करता है। उसकी पदस्थापना काटाघर नम्बर 3 में काटा बाबू के रूप में पदस्थ है। 4 जनवरी की द्वितीय पाली में ड्युटी काटा बाबू पाल वर्गिस, रामलाल, खेदू राम साहू था जो ड्युटी के उपरांत रात 10 बजे लगभग कांटाघर को बंद कर ताला लगाकर चाबी को 2 नम्बर काटा घर में छोड़े थे। तब गोपी उक्त चाबी को लेकर अपने डयुटी पर 5 जनवरी की सुबह 6 बजे पहुंचा तब देखा कि उसकी ड्युटीस्थल मानिकपुर ओसीएम काटा घर नम्बर 3 के काटा घर के सामने दरवाजा में लगे ताला, सेंटर लॉक तथा छोटा रोशनदान टूटा हुआ था अंदर जाकर देखा तो अंदर का 20 नग बैटरी, नेट स्वीच, जियो हॉट स्पॉट तथा एम्प्लीफायर को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन शुरु कर दी है। इसी तरह चोरी की दूसरी घटना कुसमुण्डा थाना क्षेत्र में घटित हुई है। जीवेंद्र सिंह नामक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई है कि एसवीसी कंपनी के द्वारा मनगांव में विद्युत सबस्टेशन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। सबस्टेशन में प्रतिदिन सुरक्षा के लिए तीन चौकीदार लगाया गया है। 7 जनवरी की शाम लगभग 7 बजे से उक्त सबस्टेशन में चौकीदार के रूप में डयूटी के लिए संतराम, छिबलू राम एवं महेत्तर राम डयूटी में लगे थे। रात्रि में लगभग 2 बजे चोर घुसे और 13 आइसोलेटर एवं 15 स्वीच का तांबा पट्टी लेकर फरार हो गए। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की सरगर्मी से खोजबीन शुरु कर दी है।

## भारी वाहनों को सड़क पर बेतरतीब खड़ा करने वालों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राताखार बायपास में अक्सर ट्रक, ट्रेलर, हाईवा के चालक बेतरतीब ढंग से सड़क पर वाहन खड़ी कर देते हैं जिसकी वजह से अक्सर जाम लगने से यातायात व्यवस्था बाधित होती रहती है। पुलिस द्वारा कई बार समझाइश देने के बाद भी वाहन चालक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। सड़कों पर बेतरतीब खड़े वाहनों से हो रही लोगों की परेशानी को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने थानेदारों को साफ फरमान जारी कर दिया है कि ऐसे भारी वाहनों के चालकों के


वाहन चालकों पर कार्यवही करती पुलिस।

खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए।

नगर कोतवाल अभिनवकांत सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को पुलिस टीम अधिकारी अजय सिंह, टंकेश्वर यादव स्टाफ समेत राताखार बायपास मार्ग पर पहुंचे। जहां जश्न रेसार्ट से लेकर गेरवाघाट ब्रिज तक दो दर्जन से अधिक भारी वाहन बेतरतीब ढंग से वाहन सड़क पर खड़े थे और चालक मौके से नदारत थे। ऐसे चालकों के खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही कर तत्काल सड़क से वाहनों को हटाने की कार्यवाही की। दूसरी ओर यातायात पुलिस की टीम भी ऐसे चालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है ताकि लोगों को सुगम यातायात व्यवस्था मिल सके और लोग आसानी से अपने गंतव्य की ओर आना-जाना कर सकें।




### पीजी कॉलेज में आयोजित हुई कार्यशाला

# पेड़ लगाइए पानी बचाइए और प्लास्टिक को कहें ना : अनिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पर्यावरण संरक्षण पर शासकीय ईवीपीजी अग्रणी महाविद्यालय में गुरुवार को जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कॉलेज के छात्रों सहित प्राध्यापकों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करने और अपने कर्तव्य को पूर्ण करने के विषय में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता और अतिथि के तौर पर पर्यावरणविद अनिल कुमार पहुंचे थे। जिन्होंने जम्मू कश्मीर, लद्दाख, दिल्ली, असम जैसे कई राज्यों में पर्यावरण


कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

की दिशा में काम किया है। सरकारी नौकरी से त्यागपत्र देकर वह पर्यावरण जागरूकता के लिए प्रयासरत हैं। अनिल कुमार ने 3 पी मॉडल का महत्व बताते हुए कहा कि पेड़, पानी और प्लास्टिक को समझना होगा। अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे, पानी तो हम बना नहीं सकते। इसलिए हमें इसे बचाना होगा। प्लास्टिक वर्तमान दौर में किसी खतरनाक जिन्न से कम नहीं है। जिसकी उम्र 800 साल है। यह हमारे पर्यावरण को लगातार प्रदूषित कर रहा है। प्लास्टिक के कप, थाली आदि में खाने-पीने से बचें। यह कैंसरजन्य लक्षण पैदा करता है। जल और वायु बेशकीमती है। भारत ही केवल एक ऐसा देश है। जहां धरती को मां कहा जाता है। लेकिन हम लगातार नदी, नालों और प्रकृति को प्रदूषित कर रहे हैं। धरती का सम्मान करना होगा। इसके संरक्षण की दिशा में काम करना होगा। रोजमर्रा के जीवन में बदलाव लाने होंगे और हम सबको समाज में पर्यावरण की दिशा में जागरूकता लानी होगी। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में प्रत्येक व्यक्ति को 428 पेड़ों की जरूरत है। लेकिन वर्तमान में हमारे देश में प्रति व्यक्ति 28 पेड़ मौजूद हैं। हम लगातार प्रकृति कक दोहन कर रहे हैं। अपने मतलब के लिए प्रकृति से खिलवाड़ कर रहे हैं। इसे बंद करना होगा। किसी भी क्षेत्र में 33 प्रतिशत जंगल होना चाहिए. लेकिन वर्तमान में यह आंकड़ा भारत में केवल 21 प्रतिशत ही है।




